01.12.2025 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 2.10PM

प्रादेशिक समाचार

<u>संसद सत्र- मोदी</u>

संसद का शीतकालीन सत्र आज से शुरू हो गया है। इस सत्र में 19 दिनों की अवधि में कुल 15 बैठकें होंगी। सत्र के शुरू होने से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि शीतकालीन सत्र केवल एक परम्परा ही नहीं बल्कि यह भारत को विकास की ओर ले जाने के प्रयासों को बल देता है। श्री मोदी ने कहा कि भारत की आर्थिक उन्नति आज उल्लेखनीय ऊंचाइयों को छू रही है। उन्होंने कहा कि यह गति भारत को विकसित राष्ट्र बनने के मार्ग पर बढ़ने का नया आत्मविश्वास देगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने सिद्ध कर दिया है कि लोकतंत्र परिणाम दे सकता है।

बाइट- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री ने सभी दलों से आग्रह किया कि शीतकालीन सत्र हार से पैदा हुई हताशा का युद्धक्षेत्र न बने और न ही जीत से पैदा हुए अहंकार का अखाड़ा बने। उन्होंने कहा कि राजनीति में नकारात्मकता की कुछ उपयोगिता हो सकती है, लेकिन अंततः राष्ट्र निर्माण के लिए सकारात्मक सोच की आवश्यकता होती है।

<u>विधानसभा सत्र</u>

राज्य विधानसभा का शीतकालीन सत्र आज से शुरू हुआ। सत्र के प्रारंभ होने से पहले मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर से भेंट की। इस दौरान संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघर मौजूद थे। 5 दिसंबर तक चलने वाले 5 दिवसीय सत्र के पहले दिन कांग्रेस ने छिंदवाड़ा जिले में कफ सीरप से हुई कथित मौतों को लेकर प्रदर्शन किया। विपक्षी विधायकों ने राज्य सरकार पर बच्चों की मौत का जिम्मेदार बताया। सत्र के दौरान विपक्ष द्वारा इंदौर के एमवाय अस्पताल में चूहा कांड और सर कार्य में लगे बीएलओ की मौत का मुद्दा भी उठाया जाएगा।

<u>गीता महोत्सव</u>

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती के अवसर पर आज उज्जैन में आयोजित गीता महोत्सव में सहभागिता की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण जनतंत्र और गणतंत्र के नायक हैं। उन्होंने कर्म और धर्म के मार्ग को सर्वोपरि रखा।

इंदौर के राजवाड़ा स्थित गोपाल मंदिर में मध्यप्रदेश के पहले गीता भवन का लोकार्पण हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में होगा। इस अवसर पर मध्यप्रदेश में 16 से 28 नवंबर 2025 तक आयोजित हुई

श्रीमद्भगवद्गीता ज्ञान प्रतियोगिता के विजेताओं के नामों की घोषणा भी की जायेगी। बैतूल के शिवाजी ओपन ऑडिटोरियम में मंगलाचरण एवं श्रीमद्भगवद्गीता के पावन पाठ से हुआ। शिवपुरी में भी गीता ज्ञान महोत्सव आयोजित हुआ। जिसमें 1100 स्कूली छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

सर कार्य

प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत सभी जिलों में विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य प्रगति पर है। छिंदवाड़ा से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले में लगभग शत प्रतिशत मतदाताओं को बीएलओ के माध्यम से गणना फॉर्म का वितरण किया जा चुका है। अब अभियान रूप में भरे हुए गणना फॉर्म कलेक्शन का कार्य जारी है। जिले में कुल 12,26,602 मतदाताओं में से अभी तक 90 प्रतिशत अर्थात् 11,04,089 मतदाताओं द्वारा गणना फॉर्म भरकर जमा किए जा चुके हैं और इनके डिजिटाइजेशन का कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है।

संक्षिप्त समाचार

1- नीमच में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शोभना मीणा ने जिला जेल एवं उप जेल, जावद का निरीक्षण किया।

2- जबलपुर कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देश पर जिले में सिकमी पर पंजीयन कराने वाले किसानों की सूची सार्वजनिक की जाएगी। इसे कलेक्टर जबलपुर के फेसबुक पेज पर अपलोड किया जाएगा।

3- नर्मदापुरम जिले में आज से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी शुरू हो गई है। इसके लिए जिले में 64 उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं।

4-सतना और मैहर में दिसंबर माह के प्रथम कार्य दिवस पर आज कलेक्ट्रेट में कार्यालयीन कार्यों की शुरुआत राष्ट्रगीत व राष्ट्रगान के गायन से हुई।